भारत सरकार

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न संख्या 106

दिनांक 13 दिसम्बर, 2023 को उत्तर के लिए

मंत्रालय में रिक्तियां

***106. श्री राम नाथ ठाकुर :**

क्या **महिला एवं बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दिनांक 1 दिसंबर, 2023 की स्थिति के अनुसार महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और इसके अधीनस्थ संगठनों में रिक्तियों का अलग-अलग ब्यौरा क्या है;

(ख) दिनांक 1 जनवरी, 2023 से अब तक मंत्रालय और अधीनस्थ संगठनों में भरी गई रिक्तियों का संगठन-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) मंत्रालय और उसके अधीनस्थ संगठनों में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों की रिक्तियों का संगठन-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) दिनांक 1 जनवरी, 2023 से आज तक महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और इसके अधीनस्थ संगठनों में भरी गई अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और पिछड़े वर्गों की रिक्तियों का संगठन-वार और श्रेणी-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी **महिला एवं बाल विकास मंत्री**

(क) से (घ) : विवरण सदन के पटल पर प्रस्तुत है।

*****

<u>'मंत्रालय में रिक्तियों' के संबंध में श्री राम नाथ ठाकुर द्वारा 13.12.2023 को पूछे जाने वाले राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या 106 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित विवरण</u>

(क) से (घ): महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की सभी स्कीमों को नया रूप दिया गया है और जनशक्ति के इष्टतम उपयोग/युक्तिकरण के लिए 3 मिशनों, अर्थात्, (i) मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0, (ii) मिशन शक्ति और (iii) मिशन वात्सल्य में परिवर्तित किया गया है। मंत्रालय (मुख्य सचिवालय) के समूह क के पदों पर भर्ती और पदोन्नति, संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के माध्यम से की जाती है। समूह ख और ग के पदों पर भर्तियां कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) के माध्यम से होती हैं। रिक्तियों की सूचना देने और संबंधित संवर्ग नियंत्रक प्राधिकारियों से उनके संबंधित पदों को भरने हेतु अनुरोध करने के सिवाय, जो नियमित आधार पर किया गया है, इन पदों को भरने में मंत्रालय की कोई भूमिका नहीं है। उपर्युक्त पदों में आरक्षण भी इन संवर्ग नियंत्रक प्राधिकारियों द्वारा बनाए रखा जाता है।

मंत्रालय के संबद्ध कार्यालयों के संबंध में, सरकार ने भारत सरकार के प्रधान आर्थिक सलाहकार द्वारा 'सरकारी निकायों के युक्तिकरण' पर तैयार की गई रिपोर्ट की सिफारिशों के अनुसार नवंबर, 2020 में केंद्रीय समाज कल्याण बोर्ड (सीएसडब्ल्यूबी), खाद्य और पोषण बोर्ड (एफएनबी) और राष्ट्रीय महिला कोष (आरएमके) को बंद करने का निर्णय लिया है। सीएसडब्ल्यूबी और एफएनबी को बंद कर दिया गया है।

मंत्रालय और उसके अधीनस्थ संगठनों के संबंध में दिनांक 01.12.2023 तक रिक्तियों, दिनांक 1 जनवरी, 2023 से आज तक मंत्रालय और इसके अधीनस्थ संगठनों में भरी गई रिक्तियों, मंत्रालय और इसके अधीनस्थ संगठनों में अ.जा., अ.ज.जा. और अ.पि.व. की रिक्तियों और दिनांक 1 जनवरी 2023 से आज तक मंत्रालय और इसके अधीनस्थ संगठनों में भरी गई अ.जा., अ.ज.जा. और अ.पि.व. की रिक्तियों का, संगठन-वार और श्रेणी-वार विवरण संलग्न हैं।

अनुलग्नक

मंत्रालय में रिक्तियों के संबंध में श्री राम नाथ ठाकुर द्वारा 13.12.2023 को पूछे जाने वाले राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या 106 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

(क) मंत्रालय और इसके अधीनस्थ संगठनों के संबंध में दिनांक 01.12.2023 तक रिक्तियों का विवरण निम्न प्रकार है-

क्र. सं.	मंत्रालय और इसके अधीनस्थ संगठन	रिक्तियां		
		समूह क	समूह ख	समूह ग
1.	मंत्रालय (मुख्य सचिवालय)	14	34	46
2.	राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान (निपसिड)	44	44	85
3.	केंद्रीय दत्तकग्रहण संसाधन प्राधिकरण (कारा)	11	03	03
4.	राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू)	10	41	05
5.	राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर)	07	12	13

(ख) दिनांक 1 जनवरी, 2023 से आज तक मंत्रालय और इसके अधीनस्थ संगठनों में भरी गई रिक्तियों का संगठन-वार विवरण निम्न प्रकार है-

क्र.सं .	मंत्रालय और इसके अधीनस्थ संगठन	भरी गई रिक्तियां		
		समूह क	समूह ख	समूह ग
1.	मंत्रालय (मुख्य सचिवालय)	13	33	6
2.	निपसिड	23	16	21
3.	कारा	05	01	-
4.	एनसीडब्ल्यू	07	02	-
5.	एनसीपीसीआर	01	शून्य	शून्य

(ग) मंत्रालय और इसके अधीनस्थ संगठनों में अ.जा., अ.ज.जा. और अ.पि.व. की संगठन-वार रिक्तियों का ब्यौरा

क्र.सं .	मंत्रालय और इसके अधीनस्थ संगठन	रिक्तियां		
		अ.जा.	अ.ज.जा.	अ.पि.व.
1.	मंत्रालय (मुख्य सचिवालय)	05	03	13
2.	निपसिड	05	08	24
3.	कारा	शून्य		
4.	एनसीडब्ल्यू	पद बाह्य प्रतिनियुक्ति आधार पर भरे जाते हैं। इस प्रकार, आरक्षण लागू नहीं होता है।		
5.	एनसीपीसीआर	शून्य		

(घ) दिनांक 1 जनवरी 2023 से आज तक मंत्रालय और इसके अधीनस्थ संगठनों में भरी गई अ.जा., अ.ज.जा. और अ.पि.व. की, संगठन-वार और श्रेणी-वार रिक्तियों का ब्यौरा-

क्र.सं .	मंत्रालय और इसके अधीनस्थ संगठन	भरी गई रिक्तियां		
		अ.जा.	अ.ज.जा.	अ.पि.व.
1.	मंत्रालय (मुख्य सचिवालय)	-	-	-
2.	निपसिड	15	02	12